प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. विधानमंडल बजट सत्र के चौथे दिन विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा : वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा– प्रदेश में अब तक 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हुआ है निवेश।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि और होली से पहले कानून व्यवस्था को परखा : कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।
3. लोकसभा में औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक 2026 पारित : केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा– पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन की गारंटी देती है नई श्रम संहिता।

और

4. सीबीएसइ, कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए इस वर्ष से ऑन–स्क्रीन मार्किंग करेगा शुरू।

————————

उत्तर प्रदेश विधान मंडल के बजट सत्र के चौथे दिन आज विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रही। प्रश्नकाल में सपा सदस्य रागिनी सोनकर के प्रदेश में निवेश से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का

निवेश आ गया है। 15 लाख से अधिक लोगो को रोजगार मिला है। वहीं प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि 2018 में शुरू की गई वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना ने प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों और उत्पादकों को नई पहचान दी है। श्री सचान ने बताया कि अब तक प्रदेश में एक लाख 31 हजार कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण और टूल किट प्रदान की गई है। बाइट.....

*पूरे प्रदेश के जो भी उत्पाद है उन उत्पादों की पहचान करा के उनके से जुड़े जो लोग थे उनको ट्रेनिंग देना ट्रेनिंग देकर के टूल किट देना, टूल किट दे कर के वित्तीय सहायता देकर के उनके उद्यम को प्रमोट करना ये लगातार सरकार का काम चल रहा है सिर अब तक 1,31, 000 कारीगरों को टूल किट दिया गया है।*

---

विधान परिषद में आज सपा सदस्य शाहनवाज ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सहारनपुर में एयरपोर्ट संचालन की मांग रखी, जिसका जवाब देते हुए नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है। बाइट......

*2017 से पहले केवल 4 एयरपोर्ट लखनऊ,वाराणसी,गोरखपुर,आगरा या केवल संचालित होते थे। आज 12 एयरपोर्ट और संचालित है।उसमें प्रयागराज,हिंडन गाजियाबाद, बरेली,कुशीनगर,कानपुर नगर,अयोध्या, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट, सरसाव सहारनपुर भी उस श्रेणी में*

*आ गया है। अभी जहाज नहीं उड़ रहे जो हमारे जो तैयारी किया है। ये हमारी सरकार के समय ही ये हुआ है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि समेत आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। कानून व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कल समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रज क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में होलिकोत्सव के दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएं। पेश है एक रिपोर्ट..

*महाशिवरात्रि, होली, रमजान, माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं, जनगणना और दूसरे महत्वपूर्ण आयोजनों के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने महाशिवरात्रि के पर्व पर जलाभिषेक के लिए निकलने वाले कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी समेत प्रमुख जिलों के जिलाधिकारियों से तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में पर्व–त्योहारों के दौरान घटित घटनाओं से सीख लेतेहुए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप सतर्कता, निगरानी और प्रबंधन को और अधिक मजबूत किया जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————————

महाशिवरात्रि को लेकर बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने वाले कांवड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन ने खास इंतजाम किए ह। एक रिपोर्ट.....

*डिस्पैच– लोधेश्वर महादेव मंदिर पर हर साल लाखों की संख्या में कांवरिये जलाभिषेक के साथ पूजन अर्चन दर्शन करते है । इस बार भी बड़ी संख्या में कांवरिए यहां पहुंच रहे है जिसे देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने सेक्टर में भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। हाईवे पर कांवरियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा गोंडा–लखनऊ राजमार्ग पर डायवर्जन किया गया है और सड़क पर केवल कांवरियों को ही चलने की अनुमति दी गई है। परवेज अहमद आकाशवाणी समाचार बाराबंकी।*

हापुड की तीर्थनगरी गढ़मुक्तेश्वर बृजघाट में गंगा जल लेने के लिए भी कावड़िए पहुंचने लगे हैं। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाइट......

*हमारे यहां पर बहुत बड़ी संख्या में ब्रजघाट में चौदह तारीख से लोगों का आगमन शुरू हो जाएगा। कुछ कांवड़िया अभी भी आ रहे हैं। कांवड़ियों के आगमन को सुगम बनाने के लिए जितनी भी सड़कें थी, जिसमें पैचवर्क की आवश्यकता थी, वह काम कर लिया गया है। जहां पर भी प्रकाश व्यवस्था की कमी थी, वहां पर भी प्रकाश की व्यवस्था कराकर विशेष तौर पर ब्रजघाट पर बैरिकेडिंग जेटी की व्यवस्था कराई गई है और महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो, पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद हो, इसके विषय में भी तैयारियां कर ली गई हैं।*

————————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

लोकसभा ने आज औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया। यह विधेयक औद्योगिक संबंध संहिता 2020 में संशोधन करता है। इस दौरान लोकसभा में चर्चा का उत्तर देते हुए केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 17 राष्ट्रीय श्रम संगठनों ने कहा है कि श्रम संहिता श्रमिकों के हित में लागू की गई है। उन्होंने बताया कि संहिता पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन की गारंटी देती है और श्रमिकों का समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करती है। बाइट.....

*मिनिमम वेज तो सरकार सेंट्रल गवर्नमेंट एक एडवाइजरी के रूप में तय करती थी आज तक सभी स्टेट को लागू करना नहीं करना ये उनके ऊपर डिपेंड था ये लेबर कोड में हमने सुनिश्चित करा है हम फ्लोर वेज लाएंगे स्टैच्यूटरी बैकिंग के साथ कोई भी स्टेट उसके नीचे वेज नहीं देंगे।*

————————

केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने अमरोहा में आज पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय बजट–2026–27 को

अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट जन–केंद्रित विकास के माध्यम से विकसित भारत की मजबूत नींव रखता है। बाइट.....

*आज की देश की आवश्यकता है और भविष्य में विकसित भारत के लिए सभी पहलुओं को विचार करते हुए इन्क्लूसिव रिफॉर्म एजेंडा के साथ एक पॉजिटिव बजेट उन्होंने पेश किया है मैं सबसे पहले उनको धन्यवाद देता हूँ और उसमें सब में लीडरशिप प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दिखाई देती है।*

————————

उत्तर प्रदेश के बजट 2026–27 में पर्यटन विकास पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के लिए 500 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए गए हैं। श्री नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद द्वारा नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 100 करोड़ और विंध्यवासिनी देवी धाम और वाराणसी में पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए भी 100–100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ प्रस्तावित किये गये ह, जिससे यहां के साधु संतों में प्रसन्नता है। रामबल्लभा कुंज मंदिर के महंत राजकुमार दास ने कहा कि बजट में अयोध्या का विशेष ध्यान रखा गया है। बाइट.......

*विशेष ध्यान रखा गया है। ऐसे तो विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी के रूप में पर्यटन के रूप में विकसित हो। इसका तो पहले से भी ध्यान है और बजट में भी उसका ध्यान रखा गया है। इसलिए अयोध्या वासियों को भी विशेष प्रसन्नता है।*

—————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई इस वर्ष से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग लागू करेगा। हालांकि, कक्षा 10 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले की तरह ही भौतिक रूप से किया जाएगा।

सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि बोर्ड ने दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस वर्ष की परीक्षा से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग शुरू करने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने इस वर्ष से कक्षा 10 की द्वितीय बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की है।

—————————

हज–2026 की यात्रा पर जाने वाले लखनऊ जिले के चयनित हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग और टीकाकरण की प्रक्रिया आज से शुरू हो गइ, जो 17 फरवरी तक चलेगी। मेडिकल स्क्रोनिंग सुबह 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक, जबकि टीकाकरण सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

—————————

आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत और नामीबिया

के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। नामोबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

(समाप्त)